# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

फा.संख्या: 20/2/87-हिंदी

दिनांक : 01.08.2023

## परिपत्र

विषयः परिषद मुख्यालय में **16 सितंबर, 2023 से 29 सितंबर, 2023 तक** हिंदी पखवाड़ा तथा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अनुदेशों के अनुसार केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति का भली-भांति अनुपालन सुनिश्चित करने और अधिकारियों / कर्मचारियों को अपने सरकारी काम-काज में अधिकाधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने के प्रति प्रोत्साहित करने के प्रयोजन से प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार का आयोजन परिषद में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए उत्साहवर्द्धक वातावरण तो बनाता ही है और साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारीगण सरकारी काम-काज हिंदी में करने के लिए प्रेरित भी होते है।

**2.** हिंदी पखवाड़ा के दौरान केवल मुख्यालय के स्थाई स्टॉफ हेतु आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार निम्नानुसार हैं-

| क्रं. स. | प्रतियोगिता का नाम (केवल मुख्यालय हेतु) | प्रथम (एक) | द्वितीय (एक) | तृतीय (एक) | सांत्वना (दो) | प्रोत्साहन (दो) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी का सामान्य ज्ञान एवं निबंध | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 2. | हिन्दी टिप्पणी और मसौदा | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 3. | हिन्दी श्रुतलेख | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 4. | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |

**3. मुख्यालय एवं सभी केन्द्रों/संस्थानों के स्थाई स्टॉफ हेतु प्रतियोगिता ***

| क्रं. स. | प्रतियोगिता का नाम | प्रथम (दो | द्वितीय (दो) | तृतीय (दो) | सांत्वना(तीन) | प्रोत्साहन (तीन) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी वाक् | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 2. | कविता पाठ | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |

* उक्त प्रत्येक पुरस्कारों में से एक-एक पुरस्कार केद्रों/संस्थानों के लिए है ।

**4.** पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का कार्यक्रम निम्नानुसार हैं-

| क्रं. स. | प्रतियोगिता का नाम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी का सामान्य ज्ञान एवं निबंध | 18.09.2023 | प्रातः 11.00 से12:30 तक | सम्मेलन कक्ष (301) |
| 2. | हिन्दी टिप्पणी और मसौदा | 19.09.2023 | प्रातः 11.00 से12:30 तक | ' वहीं ' |
| 3. | हिन्दी श्रुतलेख | 20.09.2023 | प्रातः 11.00 से12:30 तक | ' वहीं ' |
| 4. | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | 21.09.2023 | प्रातः 11.00 से | हिंदी अनुभाग |

**5. मुख्यालय एवं सभी केन्द्रों/संस्थानों हेतु प्रतियोगिताओं के आयोजन का कार्यक्रमः**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी वाक् | 22.09.2023 | अपराह्न 02.30 से | सम्मेलन कक्ष (301) |
| 2. | कविता पाठ | 25.09.2023 | अपराह्न 02.30 से | सम्मेलन कक्ष (301) |

**6. हिन्दी का सामान्य ज्ञान एवं निबंधः** हिंदी के सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के अलावा इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (न्यूनतम 300 शब्द) हिंदी में निबंध लिखना होगा-

**1. डिजीटल अर्थव्यवस्था एक समताकारी या आर्थिक असमता का स्रोत । 2. जीवनशैली से जुड़े रोग, बचाव एवं उपचार**
**3. देश की प्रगति के लिए हिंदी की अनिवार्यता 4. धर्म आस्था की संस्कृति है और विज्ञान संदेह की संस्कृति**

*क्रमशः*

7. **हिन्दी वाक् (संस्थानों/केन्द्रों के स्टॉफ लिए कविता पाठ एवं हिन्दी वाक् प्रतियोगिता वर्चुअल रूप में ही होगी)** प्रतियोगिता में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 7 मिनट तक हिंदी में बोलना होगा। पढ़कर बोलने वाले को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।

   **1. सोशल मीडिया का नैतिक और अनैतिक उपयोग 2. आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में आईसीएमआर की उपलब्धियां**
   **3. पक्षपातपूर्ण मीडिया भारतीय लोकतंत्र हेतु खतरा 4. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का महत्व एवं लाभ**

8. **कृपया ध्यान दें-**

   i) उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में हिंदी स्टॉफ तथा हिंदी कार्य के लिए नियुक्त कोई भी कर्मचारी भाग नहीं ले सकेंगा।

   ii) **"ग"** क्षेत्र के भाषाभाषियों(तमिल,तेलगू,कन्नड़,मलयालम,बंगाली,उड़िया,असमी, आदि) को छोड़कर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी भाषी ही माना जाएगा।

   iii) हिंदीतर भाषी प्रतिभागियों द्वारा भाग नहीं लेने पर इनके लिए निर्धारित पुरस्कार सामान्य श्रेणी के प्रतिभागियों को दे दिए जाएंगे।

   iv) हिंदी भाषियों और हिंदीतर भाषियों को प्रत्येक प्रतियोगिता में कम से कम 33% अंक प्राप्त करने पर ही पुरस्कार देने पर विचार किया जाएगा।

   v) ये सभी प्रतियोगिताएं केवल स्थाई स्टॉफ के लिए है।

9. दिनांक 29 सितंबर, 2023 को अपराह्न 2:00 बजे से परिषद के सम्मेलन कक्ष (कमरा सं. 301) में पुरस्कार वितरित किये जाएंगे।

10. उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपना नाम एवं अन्य विवरण संलग्न आवेदन प्रपत्र में भरकर **दिनांक 12 सितंबर, 2023 को 4.00 बजे** तक सहा. निदेशक (रा.भा.), हिंदी अनुभाग, गैराज बिल्डिंग, प्रथम तल, कमरा नं.-6 को भेज दें अथवा हिंदी अनुभाग में पधार कर अपना विवरण लिखवा दें। संस्थानों/केन्द्रों के अधिकारी/कर्मचारी अपना विवरण सुस्पष्ट अक्षरों में भरकर ई-मेल (meenakeshraj@gmail.com, hindisection.icmr@gmail.com, meenakr.hq@icmr.gov.in) पर भेजें।

11. अतः सभी प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस परिपत्र को अपने प्रभाग/अनुभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लाया जाए ताकि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकें। **सभी वरि. अधिकारियों से यह भी अनुरोध है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कार्यमुक्त करें।**

21/8/23

सहा. महानिदेशक (प्रशा.)

अनुलग्नकः- यथोक्त

**प्रतिलिपिः** 1. महानिदेशक एवं वरि. उपमहानिदेशक(प्रशा.), वरि. वित्त सलाहाकार के निजी सचिव
2. परिषद मुख्यालय के सभी प्रभाग प्रमुख 3. उपमहानिदेशक एवं सहा.महानिदेशक
4. मुख्यालय के सभी वरि.प्रशा.लेखा अधि. तथा प्रशा/ लेखा अधि.
5. मुख्यालय के सभी प्रभाग/अनुभाग
6. ***परिषद के सभी स्थाई संस्थान/केन्द्रः- सभी संवर्गों के कर्मचारियों/अधिकारियों को वितरित किया जाए।***
7. आईएसआरएमः परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन-प्रपत्र

**कृपया अपना विवरण सुस्पष्ट अक्षरों में भरा जाए**

1. नाम (हिंदी में, साफ-साफ अक्षरों में ) :

   (अंग्रेजी में, बडें अक्षरों में )

2. पदनाम :

3. अनुभाग :

4. मातृभाषा :

5. दूरभाष नम्बर : विस्तार- मोबाइल नं.

**6. वेंडर कोड :** **खाता संख्या :**
**आईएफएससी कोड :** एवं कर्मचारी कोड

**2. प्रतियोगिताओं के नाम (जिनमें भाग लेना चाहते है ):**

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

(6)

(7)

आवेदक/प्रतिभागी के हस्ताक्षर

दिनांक:

सेवा में,

सहा. निदेशक (रा.भा.)
हिन्दी अनुभाग, गैराज बिल्डिंग, प्रथम तल, कमरा नं.-6,
मुख्यालय परिसर नई दिल्ली-110029

**नोटः** 1. कृपया एक आवेदन-पत्र में एक ही प्रतिभागी का विवरण दिया जाए।
2. गलत जानकारी देने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।